हरिभूमि

रोहतक -रिवाड़ी

12 Jan 2023

फार्मेसी फील्ड में बेहतर करियर बनाने की दी जानकारी

छात्रों को भविष्य की चुनौतियों से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- विवि के बारे में भी दी गई जानकारी

आईजीयू में फार्मेसी विभाग में इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के फार्मेसी विभाग की ओर से नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गय, जिसका शुभारंभ फार्मेसी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में आनी वाली चुनौतियों के बारे में अवगत कराया तथा फार्मेसी फील्ड में बेहतर करियर बनाने के संबंध में विचार साझा किए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की संस्कृति और नए वातावरण से परिचित कराना था। सहायक शिक्षक मनीष ने विवि के बारे में जानकारी दी। सहायक शिक्षक दीपक कुमार ने फार्मेसी विभाग की आधारभूत संरचना, प्रयोगशाला तथा दूरदर्शिता व लक्ष्य की जानकारी दी। सहायक शिक्षिका संगीता ने विभाग के सभी स्टाफ सदस्यों का विद्यार्थियों से परिचय कराया। सहायक शिक्षिका डॉ. स्नेहलता ने विभाग स्कीम व ऑर्डिनेंस के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। सहायक शिक्षिका डॉ. बीना कुमारी ने बेसिक एथिक्स व मोरल वैल्यूज का महत्व समझाते हुए भविष्य में ईमानदारी के साथ अनुशासन का पालन करने की परिकल्पना की व सहायक शिक्षिका ज्योति राठी ने फामेर्सी के कैरियर के विभिन्न अवसर के बारे में जानकारी दी। विधि विभाग से डॉ. संदीप यादव ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा संबंधी नियमों व कानूनों से अवगत कराया। सहायक शिक्षिका सुनीता यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन सहायक शिक्षिका दीक्षा और सहायक शिक्षिका निर्मला ने किया। इस अवसर पर गैर-शिक्षक कर्मचारी रोहित, प्रवीण, ऋषि, नितेश, आकाश सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

रेवाड़ी। कार्यक्रम में जानकारी देते शिक्षक। फोटोः हरिभूमि

Indira Gandhi University
Meerpur, Rewari
इंदिरा गाँधी विश्वविद्यालय
मीरपुर, रेवाड़ी
Induction Programme
WELCOME
DEPARTMENT OF PHARMACEUTICAL SCIENCES
INDIRA GANDHI UNIVERSITY, MEERPUR (REWARI)
REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA

REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA